हरिभूमि
# भिवानी-दादरी भूमि
रोहतक, सोमवार, 23 जून, 2025



9 कर्मियों को तुरंत अंतरिम राहत दे सरकार...



10 समाज में फैली बुराइयों को मिटाने के लिए 36 बिरादरी...






## खबर संक्षेप

### बस क्यू शैल्टर बनाने को लेकर सौंपा ज्ञापन

**भिवानी।** गांव खरक कलां के मुख्य बस स्टैण्ड पर सड़क के दोनों तरफ यात्रियों व ग्रामीणों के बैठने के लिए बस क्यू शैल्टर का निर्माण करने की मांग को लेकर ग्रामीण भाजपा अनुसूचित जाति मोर्चा के पूर्व जिला मीडिया प्रभारी संजय लोहट खरकिया ने विधायक कपूर सिंह वाल्मीकि से बवानीखेड़ा में मुलाकात की और मांग पत्र सौंपा।

### प्रदेश में कानून व्यवस्था का निकला दिवालाः भोलू

**भिवानी।** प्रदेश में अपराधिक घटनाएं दिन प्रतिदिन बढ़ती जा रही है। अपराधी सरेआम घटनाओं को अंजाम देकर निकल जाते हैं। प्रदेश सरकार व पुलिस प्रशासन उनका कुछ नहीं बिगाड़ पा रहा। आज प्रदेश में कानून व्यवस्था का दिवाला निकला हुआ है। यह बात युवा कल्याण संगठन के सदस्य, वरिष्ठ कांग्रेस नेता जितेन्द्र भोलू ने आए दिन प्रदेश में बढ़ रही अपराधिक घटनाओं पर चिंता व्यक्त करते हुए कही। उन्होंने कहा कि अपराधि लोग व्यापारियों से आए दिन फिरोती की मांग करते हैं।

### बवानी खेड़ा-भुरटाना लिंक रोड और लोहारू शहर के वार्ड तीन के लोगों को सड़कों के गड्ढों से मुक्ति मिलेगी

# 2 करोड़ 65 लाख रुपये में सुधरेगी सड़कों की सेहत अब वाहन चालकों को हिचकोलों से मिलेगी निजात

### हलका विधायक एवं नपा चेयरमैन ने किया सड़क निर्माण कार्य का शुभारंभ

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बवानीखेड़ा

बवानी खेड़ा- भुरटाना लिंक रोड़ की समस्याओं को लेकर लोगों को भटकना नहीं पड़ेगा। इसके लिए हलका विधायक कपूर वाल्मीकि, समाजसेवी एवं नपा चेयरमैन सुंदर अत्री ने अपने अथक प्रयासों से इस कार्य का शुभारंभ किया। जिस पर लोगों ने खुशी जाहिर की। इस मार्ग पर लगभग दो करोड़ 35 लाख रूपए का खर्चा आएगा।

रविवार को इस कार्य का शुभारंभ विधायक कपूर वाल्मीकि, समाजसेवी मा. राजेश वाल्मीकि, समाजसेवी राकेश वाल्मीकि, चेयरमैन सुंदर अत्री, नपा सचिव संदीप गर्ग, नपा पार्षदगण, डेरा बाबा राम रूप के महंत बाबा गुमानदास, बाबा कैलाश गिरी महाराज, बाबा जरनानाथ के महंत की दिव्य उपस्थिति से इस कार्य को शुरू करवाया गया। इस कार्यक्रम में एग्रीकल्चर मार्केटिंग बोर्ड के उपमंडल अभियंता, कनिष्ट अभियंता, नगरपालिका अधिकारीगण, पार्षदगण तथा नगरपालिका बवानीखेड़ा के प्रबुद्ध नागरिक भी उपस्थित रहें। विधायक कपूर वाल्मीकि ने बताया कि लोगों ने इस मार्ग को लेकर कई बार गुहार लगाई और अपनी पीड़ा व्यक्त की उन्होंने उनके दर्द को समझा और इसका एस्टीमेट बनवाकर इस कार्य को सिरे चढ़ाने का कार्य किया। वहीं नपा चेयरमैन सुंदर अत्री ने बताया कि ट्रिपल इंजन की सरकार में विकास कार्य की गंगा बहेगी और जिस उम्मीद के साथ लोगों ने उनकी ताजपोशी की है, उनका सिर कभी झूकने नही दिया जाएगा विधायक कपूर वाल्मीकि व वे स्वयं शहर का नक्शा बदलने का कार्य करेंगे।



**बवानीखेड़ा।** गांव लोहारी जाटू से प्रेमनगर तक की सड़क के निर्माण कार्य का शुभारंभ करवाते विधायक कपूर सिंह वाल्मीकि। फोटो : हरिभूमि

**लोहारी जाटू से प्रेमनगर तक का बनेगा रोडः** बवानी खेड़ा के अंतर्गत आने वाले गांव लोहारी जाटू में लोहारी जाटू से प्रेमनगर तक लगभग दो करोड़ 60 लाख तक बनने वाले मार्ग की नींव विधायक कपूर वाल्मीकि ने रखी। उनके साथ बवानी खेड़ा नपा चेयरमैन सुंदर अत्री समाजसेवी मा. राजेश वाल्मीकि, समाजसेवी राकेश वाल्मीकि मौजूद रहे।

#### ग्रामीणों ने किया स्वागत

गांव में पहुंचने पर ग्रामीणों ने विधायक और नपा चैयरमैन स्वागत किया। उसके बाद विधायक ने गांव जाटूलोहरी में 2 करोड़ 60 लाख का जाटू लोहारी से प्रेमनगर तक बनने वाले रोड़ की नींव रखी। विधायक 'कपूर सिंह वाल्मीकि' ने इस परियोजना के लिए पहल की और इसके निर्माण के लिए आवश्यक मंजूरी दिलाई। ग्रामीणों की मांग पर इस रोड का निर्माण किया जा रहा है। जिससे क्षेत्र के लोगों को आवागमन में सुविधा होगी। इस परियोजना से क्षेत्र के विकास में महत्वपूर्ण योगदान होगा और लोगों को बेहतर सुविधाएं मिलेंगी। विधायक कपूर वाल्मीकि ने बताया कि पूरा हलका उनका घर है और घर को चमकाना उनकी जिम्मेदारी है। वहीं ग्रामीणों ने भी विधायक के इस कार्य को लेकर उनकी सराहना की।

### वार्ड 3 में सीसी रोड का निर्माण कार्य शुरू



**लोहारू।** लोहारू के वार्ड न. तीन में सीसी रोड निर्माण कार्य का शुभारंभ करते हुए सूबेदार बुधवार व अन्य।

**लोहारू।** शहर के वार्ड तीन के लोगों को अब सड़कों के गड्ढों और हिचकोलों से मुक्ति मिलेगी। दरअससल पिछले कई महीनों से क्षतिग्रस्त वार्ड न. तीन की सडक़ का निर्माण कार्य रविवार से शुरू कर दिया गया है। सामाजिक कार्यकर्ता सूबेदार बुधराम द्वारा इस सीसी रोड के कार्य का शुभारंभ किया गया तथा करीब तीस लाख रुपये की लागत से यह सीसी रोड का कार्य पूरा किया जाएगा। नगरपालिका प्रधान प्रदीप तायल ने कहा कि वार्ड न. 3 में पिछले काफी दिनों से सड़क की हालत खराब थी तथा सीवरेज लाइन डालने के कारण सडक़ मार्ग पूरी तरह से क्षतिग्रस्त हो चुका था। उन्होंने बताया कि इस पूरे मार्ग को सीसी रोड के रूप में तैयार किया जाएगा ताकि वार्ड के लोगों को परेशानी न झेलनी पड़े। उन्होंने बताया कि इस सीसी रोड पर करीब तीस लाख रुपये से अधिक लागत आएगी तथा सीसी रोड निर्माण में किसी प्रकार की लापरवाही सहन नही की जाएगी। इस मौके वार्ड पार्षद राजेश कुमार, दौलतराम सोलंकी, संतलाल सैनी, पवन शर्मा, महेश गांधी पार्षद, रामकिशन शर्मा, पवन शर्मा, विजय कुमार, अवनीश परिहार, लक्ष्मीकांत सहित वार्ड के अनेक लोग मौजूद थे।

## डिजिटल अरेस्ट धोखाधड़ी के मामले में दो और आरोपित किए गिरफ्तार

- पुलिस टीम ने आरोपियों से 10,000 रुपए किए बरामद

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिवानी

थाना साइबर क्राइम पुलिस ने व्यक्ति से डिजिटल अरेस्ट के नाम पर लाखों रुपए की धोखाधड़ी करने के मामले में दो आरोपियों को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है।

डीसी कॉलोनी भिवानी निवासी व्यक्ति ने थाना साइबर क्राइम पुलिस को शिकायत दर्ज करवाई थी जिसमें शिकायतकर्ता ने पुलिस को बताया कि नौ जून को उनके व्हाट्सएप पर कॉल आई थी। कॉल करने वाले ने खुद को



सीबीआई का अधिकारी बतलाया था और शिकायतकर्ता को बताया कि आपके नाम से सिम जारी हुई है जिस सिम का उपयोग महिला विरुद्ध अपराध में किया गया है और आपके खिलाफ अभियोग दर्ज किया गया है। आरोपियों के द्वारा शिकायतकर्ता को ऑनलाइन डिजिटल अरेस्ट करके शिकायतकर्ता से 31 लाख 25 हजार रुपए की आरटीजीएस बैंक आफ महाराष्ट्र के बैंक खाते में करवाई गई थी। इस शिकायत पर पुलिस ने थाना साइबर क्राइम भिवानी में दर्ज किया था। साइबर क्राइम भिवानी के सहायक उप निरीक्षक विजय कुमार ने डिजिटल अरेस्ट के नाम पर लाखों रुपए की धोखाधड़ी करने के मामले में दो आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया। आरोपियों की पहचान दीपक पुत्र केसर सिंह निवासी प्रयागराज उत्तर प्रदेश व अमरेश पुत्र शिव बाबू निवासी मिर्जापुर उत्तर प्रदेश के रूप में हुई है। दोनों आरोपियों को न्यायालय में पेश किया गया। जहां न्यायालय ने आरोपियों को जिला कारागार भेजने के आदेश दिए हैं। वही अभियोग में अन्य आरोपियों की गिरफ्तारी के प्रयास किए जा रहे हैं।

## कैलाश चौधरी बने करोड़ पक्का महासभा भिवानी शाखा अध्यक्ष

**भिवानी।** कृष्ण कालोनी स्थित केपीएम भवन में करोड़ पक्का महासभा भिवानी शाखा की बैठक आयोजित हुई। करोड़ पक्का महासभा की दिल्ली में आयोजित बैठक के दौरान कैलाश चौधरी को भिवानी सभा का अध्यक्ष नियुक्त किया। उसकी को लेकर यह बैठक आयोजित की गई जिसमें महासभा के वरिष्ठ उपप्रधान नरेश चांदना की उपस्थिति व केपीएम चैरिटेबल अस्पताल के वाईसचेयरमैन व पूर्व पार्षद हर्षदीप डूडेजा की उपस्थिति में कैलाश चौधरी को पदभार सौंपा। कैलाश चौधरी ने भिवानी शाखा की टीम का गठन किया। जिसमें नरेश चांदना व हर्षदीप डूडेजा को संरक्षक, सुशील सरदाना व धर्मपाल वधवा को एलड्रमैन, प्रदीप वलेचा को वरिष्ठ उपप्रधान, सुभाष बजाज को महासचिव, अंचल अरोड़ा को संयुक्त सचिव, सुदर्शन चांदना को कोषाध्यक्ष, सचिन सरदाना को संगठन सचिव, पूर्व एमसी पूर्णचंद आजाद व ओमप्रकाश महता को सहलाकार नियुक्त किया गया। प्रवीन असीजा, बंसीधर महता, गणपतराय जसुजा, विवेक चौधरी, धीरज कटारिया, पुष्पराज महता, गिरधारी लाल महता को सदस्य चुना गया। कैलाश चौधरी ने बताया कि करोड़ पक्का महासभा 1987 से समाज सेवा के कार्यों में लगी हुई।

## सुजीत ने अंडर 23 एशिया रेसलिंग चैम्पियनशिप में जीता गोल्ड मेडल

- 65 किलोग्राम भार वर्ग में उज्बेकिस्तान के खिलाड़ी को दी पटकनी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| चरखी दादरी

गांव इमलोटा के पहलवान सुजित कलकल ने एक बार फिर से अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर भारत का नाम रोशन किया है। सुजीत ने वियतनाम में अंडर 23 एशिया रेसलिंग चैम्पियनशिप में गोल्ड मेडल जीता है। उसके इस प्रदर्शन पर मौजिज लोगों ने बधाई दी। जानकारी देते हुए जिला सचिव रेसलिंग एसोसिएशन योगेश इमलोटा ने बताया कि वियतनाम में अंडर 23 एशिया रेसलिंग चैम्पियनशिप का आयोजन किया गया था। सुजित ने इसमें 65 किलोग्राम के तहत अपनी चुनौती रखी थी। उसने इस स्पर्धा में गोल्ड मेडल जीता।

योगेश ने बताया कि सेमिफाइलन में सुजीत ने कजाकिस्तान के पहलावन को हराया। खिताबी चरण में उसने उज्बेकिस्तान न के पहलवान को पटखनी देते हुए मेडल जीता है। इससे पहले भी अनेक इंटरनेशन व नेशनल चैम्पियनशिप में सुजीत विजेता बनकर दादरी जिले के नाम को रोशन कर चुका है।



**चरखी दादरी।** सुजीत कलकल को मेडल से सम्मानित करते। फोटो : हरिभूमि

### तनाव को सिर्फ योग से किया जा सकता है खत्म

**भिवानी।** नागरिकों को योग अपनाकर स्वस्थ रहने के लिए प्रेरित करने के उद्देश्य से डा. सुनील भारद्वाज के आह्वान पर शहर में सप्ताह से योग शिविर आयोजित किए जा रहे थे। जिसका समापन अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस पर हुआ। सेक्टर-23 ग्रीन बेल्ट में योग शिक्षक मधु व कविता ने नागरिकों को योग करवाया। उन्होंने कहा कि आज हर इंसान मानसिक तनाव से जूझ रहा है, जो कि स्वास्थ्य की दृष्टि से भी बेहद खतरनाक है। मानसिक तनाव को सिर्फ योग से खत्म किया जा सकता है।

## धोखाधड़ी के मामले में आरोपी किया गिरफ्तार

- मदद करने का बहाना बनाकर एटीएम कार्ड लेकर निकाले 49 हजार रुपये

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिवानी

थाना शहर पुलिस भिवानी ने एटीएम के अंदर रुपए निकालने के बहाने बुजुर्ग व्यक्ति का कार्ड बदलकर धोखाधड़ी करके एटीएम से रुपए निकालने के मामले में आरोपी को भिवानी से गिरफ्तार कर लिया।

पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार जय लाल निवासी भिवानी ने थाना शहर पुलिस को शिकायत दर्ज करवाई थी जिसमें शिकायतकर्ता ने पुलिस को बतलाया कि उनका स्टेट बैंक आफ इंडिया में खाता है। वे दिनोद गेट पर एचडीएफसी बैंक के एटीएम से रुपए निकाल रहे थे जो रुपए निकलते समय व्यक्ति ने उनकी मदद करने के बहाने उनका एटीएम कार्ड लेकर बदल लिया था और फिर उनके एटीएम कार्ड से धोखाधड़ी से उनके खाते से 49,000 रुपये निकाल लिए थे। पुलिस ने बुजुर्ग की शिकायत पर थाना शहर भिवानी में केस दर्ज किया था। थाना शहर भिवानी की महिला उप निरीक्षक ने इसी मामले में आरोपी को भिवानी से गिरफ्तार कर लिया। आरोपी की पहचान सतीश पुत्र धर्मपाल निवासी राजस्थान कॉलोनी समालखा के रूप में हुई है।

पुलिस टीम के द्वारा आरोपी से फोन, मोटरसाइकिल व अलग-अलग बैंकों के 25 एटीएम कार्ड बरामद किए गए हैं। आरोपी सतीश ने तीन वारदात जिला भिवानी में, तीन वारदात जिला रोहतक में व तीन वारदात जिला झज्जर में करना कबूल किया है।

### पीडब्ल्यूडी मंत्री रणबीर सिंह गंगवा ने इनेलो पर ली चुटकी

## अभय ही नहीं, बहुत नेता ले रहे सीएम बनने के सपने

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिवानी

पीडब्ल्यूडी मंत्री रणबीर सिंह गंगवा ने चुटकी लेते हुए कहा कि अभय चौटाला ही नहीं, सीएम बनने के सपने बहुत से नेता ले रहा है। पर उनका सपना पूरा नहीं होगा। उन्होंने कहा कि कांग्रेस गर्त में जा रही है और भाजपा को सांसद या विधायकों की ख़रीद फरोख्त की ज़रूरत नहीं।

वे 13 जुलाई को भिवानी के मेला ग्राउंड में प्रदेश स्तरीय दक्ष प्रजापति जयंती समारोह को लेकर समर्थकों को दिशा निर्देश दे रहे थे।




**भिवानी।** भिवानी पहुंचने पर पीडब्ल्यूडी मंत्री का स्वागत करते हुए। फोटो : हरिभूमि

उन्होंने बताया कि उक्त कार्यक्रम में मुख्यातिथि मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी होंगे। इस जयंती समारोह की तैयारियों के लिए प्रदेश के पीडब्ल्यूडीब एंव जनस्वास्थ्य मंत्री रणबीर गंगवा कार्यकर्ताओं की बैठक ली और उनको दिशा निर्देश दिए। इस दौरान उनका ज़ोरदार स्वागत किया गया। इस अवसर पर मीडिया से बातचीत में सबसे पहले रणबीर गंगावा ने कहा कि भाजपा सरकार हर महापुरुष की जयंती सरकारी समारोह के तौर पर मनाती है। उन्होंने कहा कि पहले की हर सरकार में वंचित वर्ग की अनदेखी हुई। पर अब किसी को कुछ मांगने की ज़रूरत नहीं। हमारे मुख्यमंत्री नायब सैनी उदार दिल के हंसमुख व्यक्ति हैं। जो हमारे समाज की हर मांग को पूरा करेंगे। वहीं हरियाणा में बिगड़ती कानून व्यवस्था व गैंगस्टरों के निशाने पर शराब ठेकेदार होने के सवाल पर गंगवा ने कहा कि सीएम नायब सैनी ने सख़्त निर्देश दिए हैं कि अपराधी हरियाणा छोड़े या उन्हें सरकार जेल में ठोकेगी। इसके साथ ही इनेलो नेता अभय चौटाला द्वारा एक साल दिन का सीएम बनाने पर गुंडों को ठिकाने लगाने के बयान पर रणबीर गंगवा चुटकी ली और कहा कि अभय ही नहीं, बहुत से नेता सीएम बनने के सपने ले रहे हैं। मंत्री सीएम व अपनी सरकार के गुणगान कर कांग्रेस को निशाने पर लेते रहे। साथ ही दावा किया कि वादे मुताबिक़ 15 जून तक हर सड़क के हर गढ्ढे को भर दिया है।




# साहित्य

*जुम्मन जब हज करने गए थे , तब अपना घर अलगू को सौंप गए थे। अलगू जब कभी बाहर जाते तो जुम्मन के भरोसे अपना घर छोड़ जाते थे। उनमें न खान-पान का व्यवहार था, न धर्म का नाता, केवल विचार मिलते थे। मित्रता का मूलमंत्र भी यही है।* **- मुंशी प्रेमचंद**



*"इतना फिजूल पैसा नहीं है हमारे पास उड़ाने को! मनु की नई नौकरी है। दिल्ली में उसकी गृहस्थी का सब खर्च उठाने में ही कमर टूटी जाती है। फिर प्रदीप की ठेकेदारी में भी अभी कुछ मुनाफा नहीं होता। अकेले पापा के वेतन में तुम्हारे बी.एड. के लिए गड्डियाँ कहाँ से लायें! अगले साल तुम्हारी भी तो शादी करनी है। वो तो अच्छा हुआ शादी का मुहूर्त इस साल टल गया, मंगल दोष के कारण।*



*फिर भी दीप्ति ने बी.एड. की प्रवेश परीक्षा दी और उसे दाखिला भी मिल गया। पिता को किसी तरह मनाया। पिता यों माँ और बेटों के सामने कुछ न बोलते थे लेकिन घर में अगर कोई वाकई प्रगतिशील सोच का धनी था तो वे ही थे। और जब वे अपना निर्णय सुनाते तो सब बस कुड़बुड़ाते रह जाते। घर आखिर उनके वेतन से जो चलता था। ...दीप्ति ने बी.एड. की पढ़ाई शुरू कर दी। वो घर के काम भी करती रही।*



कहानी

इंदिरा दाँगी

## भाग्य विधाता

गृहणियां अक्सर एक ग्लॉरीफ़ाइड नौकरानी भर रह जाती हैं!

दुल्हन भाभी का सूटकेस बेड पर खोल कर, ब्याह में आई सभी ननदें घेरा बनाकर बैठ गईं।

"अरे ! ये बैंगल बॉक्स तो कितना सुंदर है! और कंगनों के सेट भी इसके अंदर जैसे बहुत खोजकर सजाए हैं। ये गुलाबी तो चूड़ियां हैं कि मोतियों की लड़ियां ?"

मँझली बुआ सास की बेटी कहती है "ये मेरा अपने आप को शादी का गिफ्ट है। इसे तैयार करने में बाज़ार के कितने चक्कर लगाने पड़े !"

"ये तो अब मेरा हुआ !" सगी ननद चंचल ने पूरा बॉक्स उठा लिया और बंद कर, बाँह के नीचे दबा लिया।

"अरे! अरे ! कहाँ उड़ाये लिए जाती हो ? नज़र भर देखने तो दो !" छोटी बुआ श्रद्धा कहती हैं जो उम्र में विवाहित ननदों से कुछ ही बड़ी थीं और इसी गुट में डटी रहती थीं। चिढ़ने वाली पाहुनी मौसी सास सुबह ही कह रही थीं, "सींग कटाकर बछड़ों में शामिल!"

श्रद्धा बुआ टोकती ही रह गईं और चंचल ये जा वो जा! वे कोई फड़कता हुआ व्यंग्य करतीं लेकिन तभी उनका ध्यान दुल्हन की दूसरी ब्याहता ननद कंचन पर गया जो सूटकेस को ऐसे उलट-पुलट रही थी जैसे चंचल का मुनाफा उसका नुकसान है। अब इससे भी ज्यादा मुनाफा न हो तो लानत है उसकी चतुराई पर।

"ये सिंदूरी साड़ी मैं लूँगी !"

सूटकेस में जो सबसे मूल्यवान बनारसी साड़ी दिख रही थी, बड़ी ननद कंचन ने वो निकाल कर तुरंत अपने बैग में डाल दी। बगल में चचेरी-ममेरी-फुफेरी ननदें, दुल्हन को सुन-सुनाकर फुसफुसाती रहीं, "ये दोनों कितनी लालची हैं !"

"अरे ! अभी तो बस इनका ही रंग देखा है बहू ने; इनकी माँ का नहीं देखा !"

...और माँ वेणी वाकई बेटियों चंचल और कंचन से दो कदम आगे थी !

शाम को बहू से कहा, "अरे, शादी में कितनी अंगूठियाँ मिली हैं जरा उतार कर दो तो; पाहुनियों को दिखानी हैं।"

बहू ने छह अंगूठियाँ उतार कर दे दीं। सास बाहर ले गई और थोड़ी देर बाद लौटा ले आई।

"लो पहन लो, अपनी अगूठियाँ।"

बहू देख रही है; छह अंगूठियाँ लेकर गई थीं, पाँच लौटा रही हैं सो भी एक-एक को गौर से देखती-तोलती-सी।

क्या वो कह दे कि एक अंगूठी कम है? एकाएक चोरी का इल्जाम कैसे लगा दे ऐसे ! सोच रही थी कि रात में पति योगेश से बात करेगी।

लेकिन यहाँ तो ये हाल था कि लंका के छोटे वीर, वे भी उनचास हाथ के! वही सोने की अंगूठी पतिदेव ने दीप्ति को घूँघट उठाते समय पहना दी। ...उसका दिल टूट गया !

कैसी धूर्त ससुराल मिली है ! लेकिन अब पैरों के नीचे की ज़मीन यही है; मायके में तो अम्मा ने कभी महसूस ही न होने दिया कि दोनों भाई-भाभियों के अलावा भी वो घर किसी का है! शादी से बरस भर पहले जब बी.एड. की उसकी फीस का सवाल था तो उन्होंने साफ मना कर दिया था,

"इतना फिजूल पैसा नहीं है हमारे पास उड़ाने को! मनु की नई नौकरी है। दिल्ली में उसकी गृहस्थी का सब खर्च उठाने में ही कमर टूटी जाती है। फिर प्रदीप की ठेकेदारी में भी अभी कुछ मुनाफा नहीं होता। अकेले पापा के वेतन में तुम्हारे बी.एड. के लिए गड्डियाँ कहाँ से लायें! अगले साल तुम्हारी भी तो शादी करनी है। वो तो अच्छा हुआ शादी का मुहूर्त इस साल टल गया, मंगल दोष के कारण। मायके से बी.ए. पास करके जा रही हो; इतना भी बहुत है! आगे और जो अरमान हों, अपने घर जाकर पूरे करना। और इस साल तो वैसे भी मेरा घुटने का ऑपरेशन है। तुम कॉलेज जाओगी तो घर का सब काम कौन करेगा ? बड़ी बहू दिल्ली में, छोटी अपने बच्चों में उलझी रहती है। ऐसा करो अब ये पढ़ाई-वढ़ाई बंद करो। और इस साल मन लगाकर घर-गृहस्थी सीखो! हर समय हाथ में किताब लिए फिरती हो। रसोई में मन लगाओ ! कल को ससुराल जाओगी तो क्या हमारी नाक कटाओगी !"

लेकिन फिर भी दीप्ति ने बी.एड. की प्रवेश परीक्षा दी और उसे दाखिला भी मिल गया। पिता को किसी तरह मनाया। पिता यों माँ और बेटों के सामने कुछ न बोलते थे लेकिन घर में अगर कोई वाकई प्रगतिशील सोच का धनी था तो वे ही थे। और जब वे अपना निर्णय सुनाते तो सब बस कुड़बुड़ाते रह जाते। घर आखिर उनके वेतन से जो चलता था। ...दीप्ति ने बी.एड. की पढ़ाई शुरू कर दी। वो घर के काम भी करती रही, कॉलेज भी जाती रही और भावी ससुराल जाने की तैयारियाँ भी साथ-साथ चलती रहीं। भाभियाँ आपस में कहतीं, "कितनी चंट है ये लड़की ! अम्मा हज़ार काम बताती रहें, ये अपनी पढ़ाई-लिखाई, अपनी तरक्की नहीं छोड़ती!"

"हूँह! लेकिन तरक्की का सब खर्चा अभी तो मायके वालों के सिर है सो दीप्ति बिन्नू की पौ बारह है! बी.एड. के पहले साल के ये दोनों सेमिस्टर तो हो जाएंगे। अगले साल देखेंगे, ससुराल वाले फाइनल की फीस भरेंगे कि नहीं ! चालीस हज़ार कोई कम रकम तो नहीं होती !"

"फीस क्यों न भरेंगे ? पढ़ लिखकर बहूरानी नौकरी करेगी ! क्या ही पता, सरकारी नौकरी लग जाए ! सोने की मुर्गी को भला कौन नहीं चाहता !"

"अभी नहीं बनी सोने की मुर्गी; अभी तो चूज़ा है ! अभी तो खर्चा ही खर्चा है। और रुपये की जड़ कलेजे में होती है। पता नहीं, उन लोगों की मंशा क्या निकले ? वे आगे पढ़ाएंगे भी कि नहीं ? नौकरी तो बाद की बात है। सुनते हैं, होने वाली सास तो बहुत ही तेज़ है। ब्याहता ननदों का भी बड़ा दखल है घर में।"

शादी के समय दीप्ति को भी यही चिंता थी।

"आगे मेरी बी.एड. फाइनल की फीस का क्या होगा ?"

नवब्याहता दीप्ति मायके आई है तो सोच में डूबी, अपने में गुमसुम रहती है। ससुराल में पन्द्रह दिन रहकर ही वो जान गई कि वहाँ अभी बरसों-बरस तक उसकी स्थिति ऐसी रहने वाली है कि सभी की सेवा भी करनी है और सभी की डाँट भी खानी है। रहने-खाने के सहारे के बदले अपना सर्वस्व ससुराल वालों के चरणों में रखकर न चलेगी तो निभ न सकेगी। पर इसमें क्या नया है ? ससुराल वाले नई बहू से नौकरानी जैसा ही बर्ताव तो करते हैं। सोच ये रहती है कि शुरू में ही दबा लो फिर पूरी जिंदगी सुख से सेवा करवाओ। नहीं तो, जो शुरू में सिर पर चढ़ गई तो उम्र भर नाचेगी नहीं बल्कि नचाएगी! दीप्ति लेकिन अपने लिए एक ऐसा भविष्य देखती है जो आसपास के माहौल से हटकर है। वो पति की साथी बनना चाहती है; बूढ़े सास-ससुर का सहारा। इसके अलावा, उसका अपना एक जीवन हो, पहचान हो, आत्म निर्भरता हो और सबसे बढ़कर सम्मान हो!

दीप्ति पीतल का टेबल लैम्प और गमले नींबू, राख और दही से साफ कर रही है। बैठक की हर चीज़ अब तक वो ही साफ करती रही थी। अपनी सोच में गुम है, क्या अम्मा से बात करे या पापा से ही फिर कहे! बड़े भैया को भी तो फोन कर सकती है दिल्ली। उनकी तो सरकारी नौकरी है फिर भी तो खर्च खेती और पापा की पेंशन से उठता है। क्या छोटी बहन को इतना भी न दे सकेंगे? जब बी.एड. के बाद उसकी नौकरी लगेगी तो चुका देगी। ये बात तो वो प्रदीप भैया से भी कह सकती है। अभी ही तो भाभी दिखा रही थीं उसे अपना नया लॉकेट, जो कहने को तो वे अपने मायके से लाई हैं; लेकिन वो असलियत जानती है कि भैया ने उन्हें बनवा कर दिया है!

लैम्प और गमले सब धो-माँजकर उसने एक ओर टिका दिए धूप में, हमेशा की तरह; और बैठक में जाकर बल्ब, डोरी, प्लग लाने चली गई ताकि उसे लैम्प में फिर से फिट कर सके। लौटकर देखती है कि पीतल का सब सामान गायब!

"अरे अम्मा ! लैम्प, गमले सब कहाँ गए ?"

"तुम्हारी भाभी ले गई अपने कमरे में ?"

"क्यों ?"

"ले जाने दे; तू क्यों पूछती है? क्या अपने घर ले जाने की मंशा थी ?"

ये इल्जाम! दीप्ति का दिल फिर टूट गया। आगे उसका यहाँ आना मेहमानों-सा रह गया। जब भी आती, अम्मा चिंतित-सी होकर पापा से पूछती, "दीप्ति को कितने की विदाई देनी है ?"

- क्रमश...

कविता

अरुण आशरी



## व्यथा एक पेड़ की

खुले आसमान तले
मैं भी कभी इतराता था
ऊँचा उठने की होड़ में
पूरी गर्मी झेल जाता था
मेरी छाँव तले
कितने ही मुसाफिर
राहत की साँस ले पाते थे
मन ही मन
शुक्रिया अदा कर
आगे बढ़ जाते थे ,
बच्चे भी नादानियों की
बरसात लेकर आते थे
तरह-तरह के खेल खेलकर
मेरे सर तक चढ़ जाते थे
कभी मेरी बाँहों की डाल पर झूलते
कभी झूलते-झूलते
जमीं पर कूदते
आनंद की सीमा भी लांघ जाते थे
तब कहीं जाकर अपने घर जाते थे
मैं भी रात को ही
चैन की नींद ले पाता था
मन ही मन अपने भग्य पर इतराता था
अगली सुबह फिर
नई ताजगी के संग उठ जाता था,
इंसान भी,
जहाँ मेरे जैसे पेड़ों का झुण्ड पाता था
सुन्दर, मनोहर जैसे शब्दों से
मुझे अलंकृत कर जाता था
और फिर घर भी वहीँ बनाता था ।
आज वही इंसान
जहाँ कहीं भी
मेरे जैसे पेड़ों का झुण्ड पाता है
सबसे पहले उन्हें कटवाता है
फीते से जगह नपवाता है
बहुत सुन्दर जगह का
अलंकरण अब भी दे जाता है
पर घर वहीं बनाता है ।
प्रदूषण का खंजर
अब मेरे खून से सनाँ है
मेरी अब की हालत
कुछ इस तरह बयाँ है,
कोई भी मुसाफिर
अब यहाँ नहीं आता है ,
बच्चा भी बस
दूर से ही देख चला जाता है ।
प्रदूषण की मार
इस क़दर मुझे रुला गई,
मुझे भी इक बात समझ में आ गई,
खुले आसमान तले भी मैं,
इक पिंजरे में बंद हूँ,
जब लोग दिल में दिमाग रखते हैं,
तो मैं कहाँ का अक्लामन्द हूँ।

गीत

डॉ. पंकज गौड़



## हे युवा स्वयं का निर्माण कर

बंद कर छद्म युद्ध,शांति से बनेगा बुद्ध
हर धर्म के प्रति,मन में मान भर
जान ले तू,खुद को,वीरता समुद्र को
हे युवा स्वयं का निर्माण कर !

जुल्म की है इंतिहा,रास्ते कठिन तो क्या
हर नगर;डगर नया गुमान दे।
कोई कहीं से गया,तुझे उससे क्या मिला
नित्य नव्य पंथ तू निकाल ले।

आंसू ले गरीब के,जुल्म मिटा करीब के
झोपड़ी में दीप का तू दान कर।
खेत के किसान को,सीमा पे जवान को
हर घड़ी हृदय से रख,सलाम कर।


दर-दर की हर खबर रखते हो तुम मगर
दीप क्यों बुझे है स्वाभिमान के ?
रक्त मांगती धरा,बुत ना हो, नजर मिला
हो प्रसन्न प्राण अपने वार कर।

खुद,खुद से युद्ध कर,आत्मा को शुद्ध कर
ज्ञान से तमस हटा,अलख जगा।
ज्ञात से अज्ञात तक,रात से प्रभात तक
साथ दें, हमकदम गले लगा।

अथाह की तू थाह ले,चाही अपनी राह ले
उधार के विचार नहीं काम के।
खोज के जतन से,मौज से; मनन से
हे युवा स्वयं का निर्माण कर !

लघुकथा

सविता गोयल



## तपन

काका, इतनी भरी दोपहरी में कहाँ जा रहे हो ? बाहर लू चल रही है, बीमार हो जाओगे ।

'बिटवा, जब घर में चूल्हा ठंडा पड़ा हो तो ये सर्दी-गरमी कहाँ हमरे बदन को छूवत है । पेट की आग बुझावे के खातिर बदन को थोड़ा तपाने में का हरज है । दो पैसा कमाकर घर में लाएंगे तो घर में चूल्हा जलेगा । बच्चा लोग का पेट में रोटी और चेहरा पर शांति देखेंगे तो ई सारी तपन ठंडी हो जावेगी।, कहते हुए उस झुलसती दोपहरी में भी रघु काका ठेला लेकर काम ढूंढने निकल पड़े ।

कविता

राजेश 'भारती'



## रोटी का हिस्सा

रोटी बनाते वक़्त, माँ अक्सर कहती थी
थोड़ा-सा आटा बचा लिया कर
पंछी भी भूखे नहीं रहने चाहिए

अब मैं शहर में रोटी तोड़ता हूँ
पर खिड़की के बाहर, पंछी नहीं
बस धूल उड़ाती गाड़ियाँ हैं

क्या बचाऊँ मैं ? माँ की वो बात
या वो भूख, जो अब मेरे भीतर भी
कहीं पंख फड़फड़ाती है।

**कवि और गीतकार वीरेन्द्र कुमार शर्मा का आधुनिक युग में साहित्य की चुनौतियों को लेकर कहना है कि इस इंटरनेट युग में हर कोई सोशल मीडिया पर अपनी अभिरुचि की सामग्री तलाश कर ज्ञान पाना चाहता है, लेकिन यह सत्य है कि गुरुओं के सानिध्य के बिना ज्ञान प्राप्त नहीं किया जा सकता। इसलिए इस बदलते परिवेश में वरिष्ठ साहित्यकारों और लेखकों की पुस्तकों का अध्ययन करने से लेखनी को यशस्वी किया जा सकता है।**

साक्षात्कार

ओ.पी. पाल

## मानवीय मूल्यों को जीवंत रखने में साहित्य अहम : वीरेन्द्र 'मधुर'

भारतीय संस्कृति में सामाजिक उत्थान के लिए साहित्य संवर्धन की भी अहम भूमिका मानी जाती है। इसलिए साहित्य के क्षेत्र में लेखक और साहित्यकार अपनी अलग-अलग विधाओं में साहित्य सृजन करके समाज को नई दिशा देने का प्रयास कर रहे हैं। ऐसे ही लेखकों में शामिल वरिष्ठ साहित्यकार वीरेन्द्र कुमार शर्मा भी सामयिक विषयों और सामाजिक सरोकार के मुद्दों पर कविताएं, गीत, गजल, मुक्तक और आलेख जैसी रचनाओं के संसार को दिशा देने में जुटे हैं। उन्होंने हिंदी और हरियाणवी भाषा में साहित्यिक साधना के साथ सामाजिक सेवा को भी सर्वोपरि रखा है। वरिष्ठ साहित्यकार, कवि एवं गीतकार वीरेन्द्र 'मधुर' ने हरिभूमि संवाददाता से हुई बातचीत में कई ऐसे अनछुए पहलुओं को उजागर किया है, जिनमें साहित्य संवर्धन में सभी भाषाओं के सम्मान के साथ मानवीय मूल्यों को जीवंत रखना संभव है। वरिष्ठ साहित्यकार एवं कवि वीरेन्द्र 'मधुर' का जन्म 1 जनवरी 1958 को यूपी के मुजफ्फरनगर में रामेश्वर प्रसाद शर्मा एवं सुशीला देवी के घर में हुआ।

परिवार में हालांकि कोई साहित्यिक माहौल नहीं था, लेकिन उनके दादा मूल चंद शर्मा शिक्षक रहे। वीरेन्द्र की प्राथमिक शिक्षा शहर की प्राइमरी पाठशाला में हुई, जहां उनके प्रथम गुरु मोहम्मद इकबाल बने। इन्हें पहली बार साल 1968 में कक्षा पांच के दौरान स्कूल में मंच मिला। स्कूल में वे साप्ताहिक सांस्कृतिक कार्यक्रमों में भी मंचन के साथ ड्रामा, डांस और गाना बजाना भी भी करने लगे। उन्होंने कक्षा छह से आठ तक स्कूल में अंताक्षरी, वाद-विवाद और अभिनय में हमेशा प्रथम स्थान हासिल करके हैट्रिक अपने नाम की। रसायन विषय से एमएससी की डिग्री के बाद उन्होंने सरकारी और गैर सरकारी केमिकल प्रतिष्ठानों 32 साल तक नौकरी और व्यवसाय किया। इसके बावजूद उन्होंने अपनी साहित्यिक और सांस्कृति अभिरुचि से नाता नहीं तोड़ा और हारमोनियम और तबला भी सीखकर अपनी विधा को लगातार धार दी। बकौल वीरेन्द्र कुमार शर्मा, उन्होंने साल 1974 में रचना गीत जब पीहू पीहू, इस रेत के शहर में, रिमझिम आया सावन, कहां से लाऊं बचपन अपना, जैसे गीत लिखना शुरू किया, जिन्हें सराहते हुए एक प्रख्यात कवि ने उन्हें मधुर नाम दिया। उनके ये गीत काफी प्रचलित भी हुए। साल 1985 में वह परिवार के साथ हरियाणा के रोहतक आए, जहां उन्होंने एक कैमिकल प्रतिष्ठान में नौकरी की और उसके बाद रोहतक में ही बस गये। परिवार में बेटों के रोजगार लगने के बाद वे अपने साहित्यिक लेखन को आगे बढ़ाते रहे और हरियाणवी संस्कृति में रमना शुरू कर दिया। हालांकि उन्हें हरियाणा में भाषा विशेष के कारण परेशानी का भी सामना किया, जहां अलग पड़े धड़ों में हिंदी गीत को रागिनी के प्रचलन में रखना एक कठिन डगर रही लेकिन उन्होंने पीछे मुड़कर नहीं देखा और साहित्य सृजन में तपस्या, मेहनत और अभ्यास ने उनके साहित्यिक लक्ष्य को बुलंदियां दी।

उन्होंने म्हारे गाम की छोरी, कदे कदे न्यू धड़के सै, जैसे अनेक हरियाणवी गीत व कविताएं भी लिखी हैं। उनकी रचनाओं का फोकस सामयिक और सामाजिक सरोकारों के मुद्दों, अंधविश्वास, मानव एकता, देशभक्ति जैसे विषयों पर रहा है। अखिल भारतीय कवि सम्मेलन में सक्रिय भागीदारी और काव्य मंच के संयोजक व संचालन का दायित्व निभाना उनके लिए गर्व का विषय है। उनका सौभाग्य रहा कि उन्हें वरिष्ठ साहित्यकारों व कवियों के साथ मंच साझा करने और काव्य पाठ करने का मौका मिला। इन्होंने साल 2017 में दुबई (यूएई) की विदेश यात्रा के दौरान आयोजित कार्यक्रम में हरियाणवी संस्कृति से जुड़े गीत और काव्य पाठ किया है। वह रोहतक की कला परिक्रमा, पंजाबी साहित्यकार मण्डल, विजन फाऊण्डेशन, टैगोर काउंसिल आफ आर्ट रोहतक जैसी कई साहित्यिक, सामाजिक संस्थाओं से जुड़े हैं।

वहीं वे संस्कार भारती रोहतक जिला इकाई के साहित्य प्रमुख भी रह चुके हैं। आकाशवाणी, डीडी न्यूज जयपुर और आकाशवाणी नई दिल्ली व हिसार से भी उनकी कविताओं और गीतों का प्रसारण हो चुका है। उनकी रचनाएं देश के प्रतिष्ठत पत्र पत्रिकाओं में प्रकाशित हो चुकी हैं।

### प्रकाशित पुस्तकें

गीतकार वीरेन्द मधुर की प्रकाशित एक दर्जन पुस्तकों में गीत संग्रह 'गलता हुआ हिमानी', 'भ्रूण के पहरुए', 'कोहराम जिंदगी का', कविता संग्रह आसमान लुटता है व साँझ मेरे आँगन आयी, गजल संग्रह आवाज़ का जंगल, कहानी संग्रह वापस गांव की ओर, भक्तिगीत काव्य संग्रह हरि मन मनके सुर्खियों में हैं। उन्होंने काव्य संग्रह मुक्तक वाटिका और बच्चों के लिए हंसता बचपन शीर्षक से भी पुस्तक लिखी हैं। इन्होंने कला परिक्रमा संग्रह रचनाएं भी लिखी हैं।



वीरेन्द्र 'मधुर'

### पुरस्कार व सम्मान

वरिष्ठ कवि एवं गीतकार वीरेन्द्र मधुर को साहित्यिक सेवाओं के लिए अनेक पुरस्कार मिले हैं। प्रमुख रूप से उन्हें हिन्दी साहित्य श्री सम्मान, हंस पुरस्कार, अजमेर मोर स्मृति साहित्य सम्मान, काव्य-भूषण सम्मान, साहित्य सम्मान, प्रज्ञा साहित्य मंच का 'साहित्य सोम' सम्मान मिले हैं। वहीं जयपुर, मेरठ, नांदूरा, हिंदी साहित्य अकादमी दिल्ली, कला संगम दिल्ली, भारतीय महोत्सव समिति श्रीगंगानगर जैसी सामाजिक एवं साहित्यिक संस्थाओं से सम्मान दिया जा चुका है।

### व्यक्तिगत परिचय

**नाम** : वीरेन्द्र 'मधुर'
**जन्मतिथि** : 1 जनवरी 1958
**जन्म स्थान** : मुजफ्फरनगर (यूपी)
**वर्तमान निवास** : रोहतक (हरियाणा)
**शिक्षा** : एम.एस.सी. (रसायन)
**संप्रति** : लेखक, कवि एवं गीतकार

## सावन का दर्पण है 'मुम्बई का प्राकृतिक सौंदर्य'





**पुस्तक : मुम्बई का प्राकृतिक सौंदर्य**
**लेखक : डॉ. हरीशचंद्र झन्डई**
**मूल्य : 299 रुपये**
**प्रकाशक : बोधि प्रकाशन, जयपुर**

पुस्तक समीक्षा

सुशील सैनी

लघु कविता संग्रह 'मुम्बई का प्राकृतिक सौंदर्य' में रचनाकार डॉ. हरीशचंद्र झन्डई ने प्रकृति का बखूबी वर्णन किया है। संग्रह में तमाम कविताएं मुम्बई शहर पर आधारित हैं। कवि के अनुसार उन्हें खराब स्वास्थ्य के चलते मुंबई महानगर में जाकर रहना पड़ा, तब सावन का महीना था। इसी दौरान इन लघु कविताओं को लिखने की प्रेरणा मिली।

कवि ने शायद इसी कारण इस संग्रह में मुंबई के सावन को लघु कविताओं का आधार बनाया है। उदाहरण देखिए, 'सावन की मस्ती' में - लगती है जब सावन झड़ी/ टिप-टिप करती हैं बारिश की बूँदें।' सावन में धरती बारिश से भीग जाती है, (सावन से भीगी धरती)। धूप में बरसता सावन के बूँदों की/चमक है निराली (धूप में बरसता सावन)। कवि ने वर्षा का चित्रण इस प्रकार किया है- छम-छम करती वर्षा/ठण्डी-ठण्डी हवाएँ (वर्षा की फुहारें)। बरसात रुक-रुक कर हुई तेज़ वर्षा/बरस रहे मेघ (बरस रहे मेघ) कई बार बादल आसमान घेर लेते हैं- घिर-घिर आये/सावन के बादल/गरजते, बरसते (बादलों ने आसमान को घेरा)।

इसी प्रकार, सावन की बारिश में भीगी भीगी लड़की/प्राकृतिक सौंदर्य से चेहरे पर भी मुस्कान। सावन की हवाएँ, सुहावनी हवाएँ भी कह रहीं और सुहावनी रात गीत गाती हैं (सुहावनी रात)। हम कह सकते हैं कि इस संग्रह की ज्यादातर कविताएं बारिश का ही वर्णन करती प्रतीत होती हैं। तरह-तरह की इनकी है/ प्राकृतिक रँग-बिरँगी पोशाक (पक्षियों की प्रकृति) और 'सावन में पक्षी 'उड़ते हैं- पक्षियों की होती है उड़ान / एक दिशा से दूसरी दिशा तक। ऐसे समय में प्रवासी पक्षी भी दिखाई देते हैं- आते हैं प्रवासी खूबसूरत पक्षी (खूबसूरत पक्षी) 'चली हवाएँ' और 'बहारों के सपने' में कवि ने मंद-मंद हवा और फूलों की बात कही है। 'पतझड़' में छाया है निराला पतझड़/कल आएगा बसन्त लेकर, कवि के आशावादी दृष्टिकोण को दिखाता है। बरसात के अतिरिक्त कवि ने मुम्बई के दर्शनीय स्थलों जैसे 'जुहू चौपाटी' और 'मरीन ड्राइव' 'एलीफैंट गुफ़ाएं' पर भी लेखनी चलाई है। 'पेड़ लगाओ काटना बंद करो' के जरिए कवि ने पौधरोपण का भी आह्वान किया है। वे कहते हैं- विकास से प्रदूषित है पर्यावरण/ दहक रहे जंगल सिसक रहा है पर्यावरण (दरकते जंगल सिसकता पर्यावरण)। इस संग्रह में करीब एक सौ लघु कविताएं सम्मिलित हैं। इनकी भाषा सहज और सरल है। कवि इसके लिए साधुवाद के पात्र हैं।

**खबर संक्षेप**

## नंदीशाला में गोवंश के लिए लगाई सवामणी

**भिवानी।** सामाजिक सरोकारों में अग्रणी भूमिका निभाते हुए जेसीआई भिवानी स्टार ने नंदी सेवा-गौसेवा अभियान के तहत स्थानीय हालुवास गेट फाटक पार स्थित नंदीशाला में 100 किलोग्राम आटा व 2 ट्रॉली हरा चारा की सवामणी लगाई, जिससे न केवल पशु कल्याण को बढ़ावा मिला बल्कि समाज में सेवा भावना का संदेश भी प्रसारित हुआ। कार्यक्रम में महिलाओं और बच्चों की भी भागीदारी देखने को मिली, जिससे सेवा कार्य में पारिवारिक सहभागिता की भावना भी उजागर हुई। जेसीआई भिवानी स्टार के मीडिया प्रभारी कपिल शर्मा ने बताया कि जेसीआई भिवानी स्टार सामाजिक कार्यो में अग्रणीय भूमिका निभाता है।

## योग दिवस पर विशेष योग सत्र का आयोजन

**भिवानी।** अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के उपलक्ष्य में वूमेन हैल्पिंग सोसाइटी द्वारा स्थानीय दिनोद गेट खाकी बाबा मंदिर के पास स्थित झील परिसर में विशेष योग कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता वूमैन हैल्पिंग सोसायटी की संचालिका व प्रदेश अध्यक्षा तथा इंडियन वेटरनस आर्गेनाईजेशन की प्रदेश संरक्षक सुशीला देवी सिंह ने की। उन्होंने सभी प्रतिभागियों का स्वागत करते हुए योग को जीवन में संतुलन, अनुशासन और सकारात्मक ऊर्जा का स्त्रोत बताया।

## नैना सिंह चौटाला के ग्रामीण दौरे

**बाढडा।** जजपा की पूर्व विधायक नैना सिंह चौटाला बाढड़ा हल्के के विभिन्न गांवों में कार्यकर्ताओं द्वारा आयोजित पारिवारिक कार्यक्रमों में शामिल होंगी। पार्टी के हलका अध्यक्ष विजय श्योराण काकड़ोली व जिला प्रेस प्रवक्ता राजेंद्र सिंह हुई ने साझा करते हुए बताया कि नैना सिंह चौटाला चरखी दादरी स्थित सूरज बैनीवाल के निवास स्थान पर आयोजित चायपान कार्यक्रम में शिरकत करेंगी।



## अनेक लोगों को दिलवाई जजपा की सदस्यता

**तोशाम।** जननायक जनता पार्टी के सदस्यता अभियान के तहत गांव पाथरवाली जुई में अनेक लोगों को पार्टी कार्यकर्ताओं द्वारा सदस्यता दिलवाई गई। इस दौरान जननायक जनता पार्टी के जिला प्रभारी कृष्ण बजीना, प्रदेश संगठन सचिव राजेश भारद्वाज, हल्का तोशाम प्रधान ऋषिपाल फौगाट व किसान सेल जिला अध्यक्ष रविन्द्र पटौदी ने ग्रामीणों को जननायक जनता पार्टी की नीतियों से अवगत करवाते हुए सदस्यता अभियान के तहत पार्टी से जोड़ा। उनका कहना था कि जननायक जनता पार्टी हमेशा कार्यकर्ताओं का सम्मान करती है पार्टी द्वारा हमेशा छोटे से छोटे कार्यकर्ता को भी भरपूर मान सम्मान दिया गया है। जननायक जनता पार्टी की नीतियां भी अन्य पार्टियों की अपेक्षा काफी अलग हैं तथा पार्टी की नीतियां जनहित में है। इस अवसर पर नरेश रापड़िया, मास्टर रामफल लांबा, भूप सिंह आर्य, मनोज रापड़िया, मुख्तयार सिंह, सोमबीर नगला, नरेंद्र रापड़िया, संदीप आजादनगर, सुखबीर प्रधान संडवा, सत्यवान आसलवास आदि कार्यकर्ताओं मौजूद रहे।

## चिरंजी लाल का 87 वर्ष की उम्र में निधन

**तोशाम।** पंघाल खाप के प्रधान चिरंजी लाल का रविवार को आकस्मिक निधन हो गया। उनकी उम्र करीबन 87 वर्ष थी। रविवार शाम तोशाम के रामबाग में उनका अंतिम संस्कार किया गया। उनके निधन पर अनेकगणमान्य व्यक्तियों ने शोक व्यक्त किया है। पिछले करीबन 15 वर्षों से पंघाल खाप के प्रधान तोशाम निवासी चिरंजीलाल पंघाल मिलनसार एवं सामाजिक प्रवृत्ति के व्यक्ति थे उनके निधन से पंघाल खाप को बड़ी क्षति हुई है। वहीं प्रधान चिरंजी लाल अपने पीछे एक लड़का, तीन लड़की तथा दो पोते सहित भरा-पूरा परिवार छोड़कर गए हैं।

### राष्ट्रव्यापी हड़ताल को लेकर सर्व कर्मचारी संघ ने की बैठक

# कर्मियों को तुरंत अंतरिम राहत दे सरकारः जटासरा

**राष्ट्रव्यापी हड़ताल में भाग लेने के आह्वान के साथ ब्लाकों में चलाए जाएंगे जत्थेः सतवीर स्वामी**

हरिभूमि न्यूज ⏭ भिवानी



**भिवानी।** मांगों को लेकर आयोजित बैठक में कर्मचारियों को संबोधित करता एक वक्ता। *फोटो: हरिभूमि*

सर्व कर्मचारी संघ जिला भिवानी कार्यकारिणी की बैठक रविवार को जिला प्रधान सूरजभान जटासरा की अध्यक्षता में स्थानीय बड़ चौक स्थित सकसं कार्यालय में आयोजित हुई। बैठक का संचालन सचिव सुमेर आर्य ने किया। बैठक में विभिन्न विभागों के पदाधिकारियों ने भाग लिया। इस मौके पर जिला प्रधान सूरजभान जटासरा व हरियाणा विद्यालय शिक्षा बोर्ड के राज्यप्रधान सतवीर स्वामी ने कहा कि 9 जुलाई को पूरे देश में हड़ताल है। अनुमान है कि करोड़ों मजदूर और कर्मचारी इस हड़ताल में भाग लेंगे।

भिवानी जिले में भी सर्व कर्मचारी संघ से जुड़े हजारों कर्मचारी हड़ताल में शामिल होंगे, जिसकी सभी तैयारियां की जा रही हैं। उन्होंने बताया कि जिला के सभी ब्लाकों में संघ द्वारा जत्थे चलाए जाएंगे और कर्मचारियों से इस हड़ताल में भाग लेने का आह्वान किया जाएगा। जिला प्रधान ने कहा कि हड़ताल के माध्यम से कच्चे कर्मचारियों को पक्का करने, उन्हें पक्के कर्मचारी के बराबर वेतन, भत्ते व सुविधाएं देने, सुरक्षा की गारंटी देने, हरियाणा राज्य का अलग वेतन आयोग बनाने तथा कर्मचारियों को तत्काल 5 हजार रुपये मासिक अंतरिम राहत देने, सभी विभागों में लगे कर्मचारियों की पुरानी पेंशन बहाल करने और पीएफआरडीए में जमा राशि राज्यों को लौटाने की मांग की जाएगी। उन्होंने कहा कि एनपीएस या यूपीएस शेयर बाजार की ठगी है, जिसे बंद किया जाए।

आबादी के अनुपात में नये पद बनाकर लगभग दस लाख खाली पदों पर अकादमिक मेरिट से पक्की भर्ती हो। आरक्षण का बैकलॉग पूरा किया जाए व टेस्ट या इंटरव्यू के नाम पर पर्दे के पीछे हेराफेरी का खेल बन्द हो। कर्मचारी नेताओं ने कहा कि चार लेबर कोड रद्द कर यूनियनों को मान्यता दी जाए और ज्ञापन मिलने के 15 दिन में बातचीत से मांगों का निपटारा हो। उन्होंने लेबर कोड्स को यूनियनों को न बनने देने और इन्हें तोडने की साजिश बताया। उन्होंने कहा कि शिक्षा नीति-2020, बिजली सुधार कानून व नया ट्रांसपोर्ट कानून रद्द किया जाएव हरियाणा कौशल रोजगार निगम को बंद किया जाए, कौशल में लगे हुए कर्मचारियों को नियमित किया जाए, चिराग योजना को बंद किया जाए वर्तमान आबादी के हिसाब से नए स्कूल खोले जाए तथा स्कूलों में पूर्ण स्टाफ हो ताकि बच्चों की पढ़ाई बाधित न हो।

वर्तमान आबादी के हिसाब से शहरों में नए स्कूल खोले जाएं भिवानी शहर के लाजपत नगर, देव नगर, कृष्णा कॉलोनी, डाबर कॉलोनी, पंजाबी कॉलोनी,उतम नगर में एक भी प्राथमिक विद्यालय नहीं है।

**ये रहे मौजूद**

इस अवसर पर अनिल बागड़ी, राजेश ढुल्हेड़ी, देवेंद्र सिंह शिक्षा बोर्ड, नगर पालिका से पुरुषोत्तम दानव व जय हिंद, सुशील आलमपुर, चांद राम, संजय बहल, सोमबीर, सुशील देवी, अशोक गोयत, सुरेंद्र दिनोद, अजीत राठी, दिनेश यादव, रामशरण, विजेंद्र सांगवान, प्रवीण, सोनू कुमार रोडवेज आदि विभागों के पदाधिकारियों ने भाग लिया।

# श्रीपाल यादव ने 50 पौधे लगाए

- पर्यावरण प्रेमी श्रीपाल यादव का सौंदर्यकरण एवं पौधरोपण अभियान लंबे समय से चल रहा

हरिभूमि न्यूज ⏭ भिवानी



**भिवानी।** पैतावास में पौधरोपण करते हुए। *फोटो: हरिभूमि*

भिवानी के सेक्टर-13 में रहे गांव पैंतावास निवासी पर्यावरण प्रेमी श्रीपाल यादव ने गांव पैंतावास खुर्द स्थित बाबा छोटूनाथ के पावन मंदिर प्रांगण में ग्रामीणों के साथ मिलकर 50 पौधों का रोपण किया। इससे पूर्व भी उन्होंने 15 जून को 40 पौधे लगाए थे। यह संपूर्ण अभियान ग्राम सौंदर्यकरण एवं पर्यावरण सरंक्षण की दिशा में एक प्रेरणादायक कदम है। श्रीपाल यादव की धर्मपत्नी हिंदी अध्यापिका डा. सरोज यादव ने बताया कि उनके पति कोविड काल से ही लगातार हजारों पौधे लगाकर उनकी सेवा करते आ रहे हैं। उन्होंने भिवानी के विभिन्न क्षेत्रों में विशेष रूप से भीम स्टेडियम की हरियाली बढ़ाने में भी अत्यंत महत्वपूर्ण योगदान दिया है। अब वे अपने पैतृक गांव में बाबा छोटूनाथ मंदिर से इस नेक कार्य की शुरुआत कर, पूरे गांव में पर्यावरण संरक्षण का बिगुल बजा चुके हैं। इस अभियान में पक्षियों के लिए कबाड़ से जुगाड़ तकनीक से तैयार किए गए घोंसले भी मंदिर परिसर के पेड़ों पर लगाए गए। साथ ही उनके लिए दाना-पानी की व्यवस्था भी की गई।

# प्रतिदिन योग से बढ़ती है शरीर की रोग प्रतिरोधक क्षमताः गोयल

हरिभूमि न्यूज ⏭ भिवानी

- विकास नगर पार्क में योग शिविर का आयोजन, लोगों ने जाना योग का महत्व

11वें अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के उपलक्ष्य में हर वर्ष की भांति इस बार भी स्थानीय विकास नगर पार्क में भी योग शिविर का आयोजन योगाचार्य नवीन स्वामी के निर्देशन मे आयोजित हुआ। जिसमें लोगो ने बडे उत्साह के साथ भाग लिया। योगाचार्य नवीन ने कहा कि स्वस्थ जीवन जीने के लिए हर व्यक्ति को योग अपनाना चाहिए। योग से ना केवल शरीर स्वस्थ होता है, बल्कि कई तरह की मानसिक बीमारियों से भी छुटकारा मिलता है, जिसका किसी भी दवाई से विशेष उपचार नहीं होता। उच्च रक्तचाप, मधुमेह, अनिंद्रा, अवसाद आदि रोगो मे ध्यान से छुटकारा पाया जा सकता है। इस मौके पर विकास नगर नागरिक सभा के अध्यक्ष डा. आरबी गोयल ने सभी योग शिविर मे आने वाले साधको का धन्यवाद किया व योग से होने वाले फायदे का विस्तार से चर्चा की। उन्होंने कहा कि प्रतिदिन योग करने से जहां शरीर की रोग प्रतिरोधक क्षमता बढ़ती है, जिससे शरीर में होने वाली बीमारियों से भी छुटकारा मिलता है। इस अवसर पर कर्नल उमेद सिंह, सतीश लीखा,आरपी सिंह, सुरेंद्र जैन एडवोकेट, सुभाष जैन, देवराज गोयल, बाबूराम गोयल, रामकुमार तिवारी, सज्जन कुमार, विजय कुमार, आत्म प्रकाश मेहता, चंद्रभान भारद्वाज, पतराम, नरेश शर्मा, पितांबर भारद्वाज, ओमप्रकाश मुंजाल आदि मौजूद रहे।

# एचडी स्कूल में मनाया योग दिवस

- छात्रों, शिक्षकों, अभिभावकों एवं अन्य स्टाफ सदस्यों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया

हरिभूमि न्यूज ⏭ भिवानी



**चरखी दादरी।** योग अभ्यास करते एच डी स्कूल की छात्रा। *फोटो: हरिभूमि*

एचडी पब्लिक स्कूल बिरोहड़ के बच्चों, शिक्षकों और अभिभावक ने बड़े उत्साह के साथ सरकार के आदेशों के अनुसार अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस मनाया। इस अवसर पर योग सत्र का आयोजन किया गया जिसमें छात्रों, शिक्षकों, अभिभावकों एवं अन्य स्टाफ सदस्यों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। स्कूल निदेशक बलराज फौगाट ने योग के शारीरिक, मानसिक और आत्मिक लाभों को विस्तार से बताया। उन्होंने कहा कि "योग केवल व्यायाम नहीं, बल्कि एक जीवनशैली है, जो अनुशासन, एकाग्रता और मानसिक शांति की ओर ले जाती है। योग से हमारा समग्र विकास होता है। 'एक पृथ्वी, एक स्वास्थ्य' थीम पर आधारित यह योग संगम कार्यक्रम बच्चों को प्राकृतिक, मानसिक और सामाजिक रूप से संतुलित जीवनशैली के लिए प्रेरित करेगा। इसका उद्देश्य है कि योग को बचपन से ही जीवन का हिस्सा बनाया जाए। समाज को स्वस्थ जीवन व मानसिक संतुलन के लिए योग की ओर प्रेरित करना है।

# 42 नागरिकों ने रक्तदान कर कमाया पुण्य

- दादरी जिला बनाओ संगठन ने मेडिकल कैंप व रक्तदान शिविर का आयोजन किया

हरिभूमि न्यूज ⏭ बाढड़ा



**बाढड़ा।** मेडिकल कैम्प में मरीजों की जांच करते हुए। *फोटो: हरिभूमि*

माडल दादरी जिला बनाओं संगठन ने गांव काकडौली, गोपी, बाढडा, किष्कंधा आदि में मेडिकल कैंप व रक्तदान शिविर लगाया। अध्यक्षता देवेंद्र श्योराण, मनोज गोपी, विश्वप्रीत श्योराण, रमेश सेन ने की। मुख्य अतिथि सुरेंद्र, राकेश शर्मा, हरेंद्र मान, हरपाल सिंह बिडलान रहे। विधिवत आरंभ करवा कर संगठन की तारीफ की। संस्थापक पूर्व बैंक अधिकारी बलवान साहू ने संगठन का विस्तार करते हुए सत्या लेघा को महिला मोर्चा महासचिव तथा मीनू को सह सचिव, रीना रावा को मोर्चा उपाध्यक्ष नियुक्त किया। एंस बाढसा की टीम ने यूनिट 42 रक्त एकत्रण किया, बैज लगाए, प्रमाण पत्र बांटे। विभिन्न अस्पताल आई 1यू, गीताजंली, आईकेयर, रोग निदान आदि की चिकित्सीय टीम प्रवीन, गौरव, संतोष, मनोज, मुकेश वालिया ने 241 आंख व सामन्य रोग के मरीज जांचे, दवा वितरण हुआ। अनिल,बलवान साहू ने बताया कि अब तक संगठन द्वारा सेवा भाव के तौर पर रोजगार मेला, मेडिकल कैंप, रक्तदान शिविर, प्रोत्साहन संकल्प मुहिम सम्मान समारोह, पौधरोपण शिविर, विवाह पंजीकरण सेवा शिविर आदि के तहत अभी तक अनेक कैंपों का आयोजन किया जा चुका है। साहू ने बताया कि समाज सेवा का यह जुनून निरंतर जारी रहेगा, जल्द ही संगठन दादरी व बाढडा विधानसभा में पूरे जिले माडल तौर पर स्थापित करने के लिए मूलभुत सुविधाएं, आधारभूत संरचनाएं जैसे कि शिक्षा, स्वास्थ्य, रोजगार के लिए काम करेगा।

**ये रहे मौजूद**

इस दौरान अनुज, बशेशर भारद्वाज, शिव कुमार, विकास सांगावन, देवल, देव कुमार, संदीप, रविंद्र सांगवान, ओमप्रकाश, सौरभ, अजमेर, अनिल, बिंदर, रोहताश, प्रवीन, सुरेंद्र, धर्मबीर, धीरज, प्रेमाराम गोदारा, हंसराज, राजेश गुल्लू, फूल सिंह, जयपाल, उमेद सिंह, सुभाष जांगडा, मोहित, मुकेश, पवन, प्रेम, रमेश कुमार, कार्तिक, शोकिन अली, विनय, अशोक, राजेश, सतेंद्र जांगडा, सुनिल, सूरज, तेजबीर, भरत शर्मा, जयभगवान, मास्टर रतन सिह, बलबीर सिंह आदि उपस्थित थे।

# बाल संतों ने विनम्रता का दिया संदेश

- निरंकारी बाल संत समागम का आयोजन किया गया

हरिभूमि न्यूज ⏭ भिवानी




**भिवानी।** सत्संग में भजन की प्रस्तुती देता एक बालक। *फोटो: हरिभूमि*

हांसी गेट स्थित संत निरंकारी सत्संग भवन में जोनल इंचार्ज बलदेव राज नागपाल के पावन सानिध्य में जिला स्तरीय बाल संत समागम का भव्य आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में चरखी दादरी एवं भिवानी जिले के ग्रामीण एवं शहरी इलाकों से निरंकारी बाल संत एवं सैंकड़ों की संख्या में श्रद्धालु शामिल हुए। यह कार्यक्रम विशेषतौर पर बच्चों द्वारा तैयार किया गया था और बच्चों द्वारा प्रस्तुत किया गया। इस कार्यक्रम में छोटे-छोटे बाल संतों द्वारा हिंदी व अंग्रेजी भाषा में गीत, भजन, विचार एवं कविताओं के माध्यम से मिशन के संदेश प्रभावशाली ढंग से प्रसारित किए। बाल संतों द्वारा प्रस्तुत हरियाणवी रागनी से उपस्थित साध-संगत मंत्र-मुग्ध होकर झूम उठी। बाल संतों ने कविता के माध्यम से जीवन के दिव्य गुणों मिलवर्तन, भाईचारा, सहनशीलता, सत्कार भाव, विनम्रता का संदेश दिया। एक बाल संत ने संत निरंकारी मिशन की देन का जिक्र करते हुए कहा कि हम बाल संतों को सिर्फ गीत, भजन, विचार बोलने ही नहीं सिखाए जाते बल्कि जीवन में अनुशासन, कड़ी मेहनत, सेवा, बड़ों का आदर, माता-पिता का सत्कार भी सिखाया जाता है। हम आध्यात्मिकता में बने रहें ,यह पावन शिक्षा भी दी जाती है और ब्रह्मज्ञान से जीवन में सहजता एवं सरलता जैसे गुण आते हैं।


**भक्ति किसी उम्र की मोहताज नहीं**

उपस्थित मानव समाज को सम्बोधित करते हुए नागपाल ने फरमाया कि भक्ति किसी उम्र की मोहताज नहीं है। सद्गुरु की कृपा से ब्रह्मज्ञान प्राप्त करके सत्संग, सेवा, सिमरण करते हुए कोई भी भक्ति की पराकाष्ठा को प्राप्त कर सकता है। उन्होंने सद्गुरु माता सुदीक्षा जी महाराज एवं पूजनीय निरंकारी राजपिता जी का शुकराना करते हुए सभी मानव परिवार का आभार व्यक्त किया।

# बीआर स्कूल के छात्रों ने किया योग

- योग केवल शरीर का व्यायाम नहीं, यह आत्मा से जुड़ने की प्रक्रियाः कृष्ण भारद्वाज

हरिभूमि न्यूज ⏭ चरखी दादरी



**चरखी दादरी।** योगाभ्यास करते छात्रा। *फोटो: हरिभूमि*

अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर बीआर स्कूल बिरही कलां के छात्रों व शिक्षकों ने घरों पर रहकर पूरे उत्साह व अनुशासन के साथ योगाभ्यास किया। विद्यालय प्रशासन द्वारा पहले ही बच्चों व अभिभावकों को प्रेरित किया गया था कि वे इस अवसर पर अपने परिवार सहित योग करें और स्वस्थ जीवनशैली को अपनाएं।

चेयरमैन कृष्ण भारद्वाज ने बताया कि योग केवल शरीर का व्यायाम नहीं, यह आत्मा से जुड़ने की प्रक्रिया है। जो विद्यार्थी आज से योग को अपनाएंगे, वे कल जीवन की हर चुनौती में विजयी होंगे। स्वस्थ शरीर और सकारात्मक सोच ही सफलता की असली कुंजी है। योग से जुड़े, खुद से जुड़े। छात्रों ने सूर्य नमस्कार, प्राणायाम, ताड़ासन, वृक्षासन जैसे कई योगासनों का अभ्यास किया।

कई छात्रों ने अपनी योग गतिविधियों की फोटो और वीडियो भी साझा की। विद्यार्थियों ने घर पर अपने मम्मी-पापा के साथ मिलकर योग किया और प्रतिदिन योग करने का प्रण लिया।

### कर्मचारियों ने नोटिस नहीं लेने पर भवन पर चिपकाया

# बेशकीमती भूमि पर कब्जे को लेकर नपा अलर्ट

- नपा सचिव बोले दो दिन में कब्जाधारी द्वारा स्वयं कब्जा हटाने की रिक्वेस्ट की

हरिभूमि न्यूज ⏭ बवानीखेड़ा



**बवानीखेड़ा।** अवैध कब्जे पर नोटिस चस्पाते हुए। *फोटो: हरिभूमि*

बवानी खेड़ा के शहीद गुलाब सिंह पार्क के पास नगर पालिका की बेशकीमती भूमि पर एक दुकानदार द्वारा कब्जा किए जाने को लेकर नपा प्रशासन पूरी तरह से अलर्ट हो गया। नपा सचिव ने कर्मचारियों को भेजकर कब्जाधारी को नोटिस देने के लिए भेजा लेकिन कब्जाधारी द्वारा नोटिस लेने से इंकार करने पर सचिव संदीप गर्ग द्वारा कब्जा को हटाने के लिए टीम गठित की। लेकिन कब्जाधारी द्वारा सचिव को निवेदन पत्र दिया जिसमें बताया कि दो दिनों में कब्जाधारी द्वारा स्वयं ही कब्जा हटा दिया जाएगा। वहीं अधिकारी ने बताया कि यदि कब्जा नहीं हटाया जाता है कि कब्जाधारी के खिलाफ विभागीय व कानूनी कार्यवाही की जाएगी। उल्लेखनीय है कि शनिवार व रविवार की छुट्टी होने के कारण कब्जाधारी द्वारा अपनी दुकान के आगे नगर पालिका की बेशकीमती भूमि पर कब्जा करने के लिए चबूतरा बना लिया जिसकी भनक नगर पालिका प्रशासन को ली। नपा सचिव संदीप गर्ग ने रविवार को ही सफाई कर्मचारियों की टीम गठित की ताकि कब्जाधारी द्वारा नोटिस न लिए जाने पर कब्जा को ध्वस्त किया जा सके। लेकिन टीम मौके पर पहुंचती उससे पहले ही कब्जाधारी ने नपा सचिव को निवेदन किया कि वह स्वयं अपने खर्च पर इस कब्जा को हटा देगा जिस पर टीम ने कार्यवाही नहीं की। लेकिन लोगों की निगाहें सोमवार पर टिकी है कि क्या कब्जा हटाया जाएगा या प्रशासन हरकत में आएगा या इस कब्जे को देखते और न हटाए जाने पर अन्य कब्जाधारियों के हौंसले भी आसमान को छूने का काम करेंगे।

**क्या कहते हैं अधिकारी**

इस बारे में नपा सचिव संदीप गर्ग ने बताया कि कब्जाधारी के कब्जा हटवाने को लेकर नोटिस जारी किया गया और नोटिस न लिए जाने पर उसके भवन पर ऑन लोकेशन नोटिस चस्पाया गया। टीम गठित की गई ताकि कब्जा हटाया जाए लेकिन कब्जाधारी द्वारा दो दिनों में कब्जा स्वयं हटाने का निवेदन किया है। यदि ऐसा नहीं किया जाता है तो कब्जा हटाया जाएगा और कार्यवाही की जाएगी। उनके अधिकार क्षेत्र में नगर पालिका की भूमि पर कब्जा सहन नहीं किया जाएगा।

# धर्मबीर दहिया प्रदेश उपाध्यक्ष और सुरेश बिधवान जिला महासचिव बने

- राष्ट्रीय अनुसूचित जाति-जनजाति विकास परिषद की जिला कार्यकारिणी घोषित

हरिभूमि न्यूज ⏭ भिवानी

गोशाला मार्केट के नजदीक स्थित संत रविदास धर्मशाला में रविवार को राष्ट्रीय अनुसूचित जाति-जनजाति विकास परिषद की बैठक का आयोजन किया गया।

बैठक में मुख्य तौर पर प्रदेश अध्यक्ष चित्र कुमार संभ्रवाल ने शिरकत की तथा अध्यक्षता जिला प्रधान दलबीर दहिया ने की तथा मंच का संचालन अधिवक्ता चरण सिंह दहिया ने किया। बैठक के दौरान राष्ट्रीय अनुसूचित जाति-जनजाति विकास परिषद के प्रदेश अध्यक्ष चित्र कुमार संभ्रवाल ने राष्ट्रीय अध्यक्ष प्रवीण मांगरिया की सहमति से जिला कार्यकारिणी का गठन किया। जिला कार्यकारिणी में उपाध्यक्ष धर्मबीर दहिया, जिला महासचिव अधिवक्ता सुरेश बिधवान, कोषाध्यक्ष राजेश काजल, लीगल एडवाईजर अधिवक्ता चरण सिंह दहिया, उपप्रधान राजेंद्र सिंघल व हरिओम सरोहा, सलाहकार भूप सिंह जाटु लोहारी व राजबीर रंगा, वरिष्ठ उपप्रधान सीताराम रंगा, संगठन सचिव अशोक बेरवाल, सचिव राजकुमार दहिया, सुरेंद्र कलसन, पप्पू भाटिया, मा. हरीश मेहरा व प्रताप सिंह नियुक्त किया।

## खबर संक्षेप

### भारत की आत्मा संस्कृत भाषा: प्रो. दीप्ति धर्माणी

**तोशाम।** संस्कृत भारती द्वारा आठ दिवसीय आवासीय संस्कृत सम्भाषण शिविर का बेरी झज्जर में स्थित सरस्वती शिशु मंदिर में आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि के पद को चौधरी बंसीलाल विश्वविद्यालय भिवानी की कुलपति प्रोफेसर दीप्ति धर्मानी द्वारा अलंकृत किया गया। अध्यक्षता डॉ. मनमोहन शर्मा अध्यक्ष भारतीय इतिहास लेखन समिति हरियाणा द्वारा की गई वहीं मुख्य वक्ता के रूप में प्रो. यशवीर सिंह अध्यक्ष उत्तर क्षेत्र संस्कृत भारती पहुंचे।

### लड़कियां नेशनल हैंडबॉल के फाइनल में

**भिवानी।** हरियाणा की लड़कियों की जूनियर हैंडबॉल टीम ने 47वीं एचएफआई जूनियर नेशनल हैंडबॉल चैंपियनशिप में शानदार प्रदर्शन करते हुए फाइनल में जगह पक्की कर ली है। सेमीफाइनल में हरियाणा ने गुजरात को पराजित किया। कोच विवेक खरकिया ने बताया कि 7वीं एचएफआई जूनियर नेशनल हैंडबॉल चैंपियनशिप का आयोजन हैंडबॉल फेडरेशन ऑफ इंडिया द्वारा 18 से 22 जून तक बिहार राज्य के नवादा शहर में करवाया जा रहा है।

### तप से होती है मन की शुद्धि व आत्मिक शांति

**भिवानी।** पंडित रामबिलास शर्मा कांटीवाले की चल रही 41 दिवसीय पंचधूणी तपस्या के पूर्ण होने पर व भंडारे का आयोजन किया गया। हवन-यज्ञ व भंडारे में मंहत वेदनाथ, भाजपा जिला अध्यक्ष विरेन्द्र कौशिक, रामापूरी, सुरेश पूरी, पंडित प्रदीप भारद्वाज, रमेश पचेरवाल, सुनील डाबर, डा. विनोद अंचल, बिम्बाधर प्रधान समेत अनेक श्रद्धालु उपस्थित रहे तथा हवन-यज्ञ में आपनी आहुति डाल कर विश्व शांति की प्रार्थना की और भंडारे में प्रसाद ग्रहण किया।

### रक्तदान शिविर में 42 यूनिट रक्त एकत्रित

**चरखी दादरी।** गांव रावलधी में शहीदों को समर्पित रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। कैंप से पूर्व शहीद राजकुमार व नरेंद्र को भी श्रद्धांजलि दी गई। शिविर में 42 यूनिट रक्त एकत्रित किया गया। शिविर आयोजक दिनेश सांगवान व सहायक प्रवीन पहलवान ने बताया कि बतौर मुख्य अतिथि आस्कर अस्पताल के डॉ. राजेश व सरंपच सुखविंदर उपस्थित हुए। कैंप में ग्रामीण महिलाओं ने भी उत्साहपूर्वक भागेदारी की।

### गंगवा से जेबीटी शिक्षकों के तबादलों की मांग

**भिवानी।** जेबीटी टीचर एसो. के जेबीटी अध्यापकों ने तबादले की मांग को लेकर कैबिनेट मंत्री रणबीर गंगवा से भिवानी आगमन पर मुलाकात की तथा मांग पत्र सौंपा। मांग पत्र सौंपते हुए एसोसिएशन के जिला प्रधान राजेश कालुवासिया ने बताया कि राज्य में पिछले 9 वर्षों से जेबीटी अध्यापकों के तबादले नहीं हुए हैं। जिस ऑनलाईन ट्रांस्फर पॉलिसी का ढिंढोरा विदेशों में पीटा गया है आज उसी पॉलिसी से जेबीटी अध्यापकों को दूर कर दिया।

### रामबाग में पौधरोपण पर्यावरण संरक्षण का संदेश

**भिवानी।** शिव शक्ति सनातन धर्म चैरिटेबल ट्रस्ट ने एक सराहनीय पहल करते हुए स्थानीय हांसी गेट चौक स्थित रामबाग में विभिन्न प्रजातियों के पौधों का रोपण किया। इस मौके पर नीम, पीपल, अमरूद, गुलमोहर, अर्जुन और बेल जैसे औषधीय एवं छायादार वृक्षों की प्रजातियों को प्राथमिकता दी गई। इस आयोजन का उद्देश्य न केवल पर्यावरण को स्वच्छ और हरा-भरा बनाना था।

### ग्वार फसल में रोगों के बारे में किया जागरूक

**भिवानी।** ग्वार फसल का उखेडा रोग जमीन में रहने वाली एक कंफूद के कारण पैदा होता है। जैसे ही नन्हा पौधा उगता है, यह कंफूद उस पर भी जड़ों पर आक्रमण कर पौधे की खुराक व पानी को बाधित कर देती है। इसके परिणामस्वरूप पौधा पीला पड़ जाता है तथा सामान्य पौधों की तुलना में काफी छोटा रह जाता है।

---

### कमांडेंट बजरंग शर्मा की अध्यक्षता में हुई प्रथम बैठक में नए चेहरे किए शामिल

# समाज में फैली बुराइयों को मिटाने के लिए 36 बिरादरी को आगे आना होगा

नशा मुक्ति के लिए मुहीम चलाना जरूरी ब्राह्मण सभा सिंदौलिया खाप चौरासी कमेटी का विस्तार किया

हरिभूमि न्यूज ⏭बाढड़ा

ब्राह्मण सभा सिंदौलिया खाप चौरासी की अह्म बैठक अध्यक्ष सेवानिवृत कमांडेंट बजरंग लाल शर्मा व सरंक्षक विजय मोटू की अध्यक्षता में आयोजित की गई जिसमें 11 सदस्यों वाली कार्यकारिणी में नए पदाधिकारियों को शामिल कर आगामी रणनीति तैयार की गई। कस्बे के ब्राह्मण भवन में ब्राह्मण सभा सिंदौलिया खाप चौरासी के सरंक्षक विजय मोटू की अगुवाई में नवनियुक्त अध्यक्ष कमांडेंट बजरंग लाल शर्मा व महासचिव सुनील शर्मा से विचार विमर्श कर संगठन में उपाध्यक्ष, कोषाध्यक्ष, संगठन सचिव, प्रवक्ता आदि पदों पर अन्य लोगों को भी शामिल किया गया तथा सभी पदाधिकारियों ने सभा द्वारा पिछले तीन वर्ष में करवाए गए कामकाज पर प्रकाश डाला तथा युवाओं को आगे आने का आह्वान करते हुए अब तक के सहयोग के लिए सभी चौरासी गांवों के ग्रामीणों को आगामी समय में ग्रामीण स्तर पर होने वाली बैठकों में बढ़चढ़कर भागीदारी की अपील की। ब्राह्मण सभा के नवनियुक्त अध्यक्ष बजरंग लाल शर्मा ने कहा कि ब्राह्मण समाज को छतीस बिरादरी एकजुट होकर समाज को नया रास्ता दिखाना चाहिए। भगवान परशुराम भी शांति के समर्थक थे लेकिन अन्याय सहना उन्होंने नहीं सीखा। वह महापुरुष भगवान विष्णुजी के छटे अवतार व चिरंजीवी रहते हुए कई सदियों तक विश्व विजेता रहे जो उनके पराक्रम का उदाहरण है। इससे हमें सीख मिलती है धरती पर कभी अधर्म का सामना होने पर उसके विस्तार की बजाए उसको खत्म करना चाहिए। भगवान परशुराम के उपदेश भी अन्य धार्मिक पर्वो की भांति आपसी भाईचारे का प्रतिक है। ब्राह्मण सभा को प्रतिवर्ष इस तरह के कार्यक्रमों का आयोजन कर समाज को एकसूत्र में पिरोने का काम करती है। हमें छतीस बिरादरी को एकजुट समाज को कुरीतियों से मुक्त करवाना चाहिए।



बाढड़ा। आयोजित पंचायत में अपनी बात रखता एक वक्ता। फोटो: हरिभूमि

#### नशे के खिलाफ जागरूकता फैलाएं पदाधिकारी

ब्राह्मण सभा सरंक्षक विजय मोटू ने कहा कि संगठन से जुड़े प्रत्येक व्यक्ति को सामाजिक गतिविधियों में पूरी तरह सक्रिय रहना चाहिए। मानव जीवन में परोपकार का समावेश जरुरी है। प्रत्येक व्यक्ति को अपने समाज की युवा पीढी को संस्कारयुक्त शिक्षा देने के लिए तत्पर रहना चाहिए। आज युवा पीढी पथभ्रष्ट हो रही है जिसको बचाने व समाज से नशा दूर करने के लिए मुहिम संचालित करना जरुरी है।

#### ये रहे बैठक में मौजूद

बैठक में सिंदौलिया खाप चौरासी के पूर्व अध्यक्ष मास्टर अमरचंद चैहड़, खाप सरंक्षक व हरियाणा छात्र संघर्ष समिति के पूर्व प्रदेशाध्यक्ष विजय मोटू, कोषाध्यक्ष सीताराम शर्मा, कन्नी अध्यक्ष मास्टर रामनाथ शर्मा, अतरसिंह भांडवा, नेकीराम शर्मा, सरपंच प्रधुम्न शर्मा, संस्थापक कमलसिंह ओबरा, इंदराज, महेंद्र शर्मा, रामकिशन शर्मा, प्रताप शर्मा, रामनिवास पिचौपा, कन्नी प्रधान प्रताप शर्मा, तरुण शर्मा, पंकज शर्मा, रामनिवास शर्मा, चंद्रभान बड़दू, अश्वनी, धनसिंह शास्त्री, पवन भांडवा, महाबीर, अनिल, राधेश्याम शर्मा, पवन शर्मा, पवन शर्मा,सुनील शर्मा, दिनेश उमरवास, कुलदीप शास्त्री, जगबीर शर्मा, बिहारी, धनपत सिंह, प्रीतम मांढी, रामौतार, नरेश शर्मा डांडमा, रामप्रताप, पीतांबर, रामशरण बिठन, लक्ष्मीनारायण बिधनोई, रमेश शास्त्री भांडवा, सोमबीर, सरपंच विजय हंसावास, जगदीश थानेदार, सत्यव्रत, पूर्ण, हीरालाल शास्त्री, देशराम शर्मा, निरंजन लाल कारी आदि मौजूद रहे।

---



भिवानी। नवनियुक्त पदाधिकारी को सम्मानित करते हुए। फोटो: हरिभूमि

## नरेश बंसल अणुव्रत समिति के प्रधान चुने

- सामूहिक प्रयासों से काम करने का दिया भरोसा

हरिभूमि न्यूज ⏭भिवानी

अणुव्रत समिति प्रतिनिधि सभा की वार्षिक बैठक प्रेक्षा विहार में आयोजित रमेश बंसल की अध्यक्षता में हुई। अणुव्रत गीत से बैठक शुरू हुई। जिसमें आम बैठक की कार्यवाही का वचन कोषाध्यक्ष नरेश बंसल ने किया। निवर्तमान अध्यक्ष रमेश बंसल ने गत वर्ष के कार्यों का लेखा-जोखा प्रस्तुत किया व सदन के समक्ष रखा जिसे सर्वसम्मति से पारित किया गया । रमेश बंसल ने अपने कार्यकाल में मिले सभी के सहयोग के लिए सब का आभार जताया तथा संविधान के अनुसार अपने पद का विसर्जन किया । चुनाव अधिकारी सुरेंद्र जैन अधिवक्ता तथा अशोक जैन ने चुनाव प्रक्रिया आरंभ की। रमेश बंसल ने नए अध्यक्ष के लिए नरेश बंसल के नाम का प्रस्ताव रखा। जिस पर सभी ने अपनी सहमति दी। सभी सदस्यों ने नए अध्यक्ष का स्वागत किया। नरेश बंसल ने कहा कि अणुव्रत को आगे बढ़ाने के लिए सामूहिक प्रयास करने होंगे तथा वह सभी को साथ लेकर चलेंगे। संरक्षक सुरेंद्र जैन अधिवक्ता, बाबा जगमाल सिंह, रमेश बंसल एवं अशोक जैन को जिम्मेवारी सौंपी।

#### नवनियुक्त पदाधिकारी

वरिष्ठ उपाध्यक्ष के रूप में बृजेश आचार्य तथा उपाध्यक्ष के रूप में अनिल सिंगला एवं लक्ष्मण अग्रवाल को शामिल किया गया है। अपनी नई टीम के मंत्री का पद नवीन नाहटा और कोषाध्यक्ष के रूप में बैजनाथ जैन को शामिल किया गया है ।उन्होंने सह मंत्री के रूप में विजय सोलंकी तथा प्रचार मंत्री के रूप में विजय शर्मा आस्था को शामिल किया है ।सभी सदस्यों ने अपना वार्षिक सदस्यता शुल्क जमा करवाया तथा आभार ज्ञापन एवं जलपान के साथ बैठक का समापन हुआ। इस अवसर पर सुरेंद्र जैन अधिवक्ता, बाबा जगमाल सिंह, लक्ष्मण अग्रवाल ,विकास जैन, अनिल सिंगला, अशोक जैन, पवन मित्तल,विजय सोलंकी, बैजनाथ जैन, रविंद्र जैन, सुरेंद्र तथा वीरेंद्र सहित अनेक अणुव्रत कार्यकर्ता उपस्थित थे।

---

## पौधरोपण हम सभी की जिम्मेदारी

- अग्रवाल वैश्य सभा के प्रदेश प्रधान के जन्मदिन पर पौधरोपण

हरिभूमि न्यूज ⏭चरखी दादरी

अग्रवाल वैश्य समाज के प्रदेश अध्यक्ष अशोक बुवानीवाला के जन्मदिन को समाज समर्पण दिवस के रूप में मनाया। इस विशेष अवसर पर पूरे प्रदेश में पर्यावरण संरक्षण का संदेश देते हुए विभिन्न स्थानों पर पौधरोपण कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। दादरी जिला इकाई द्वारा रोज गार्डन व बंशीधर पाण्डेय मंदिर परिसर में जामुन, बेलपत्र सहित अन्य औषधीय एवं फलदार पौधे लगाए गए। पौधरोपण के उपरांत उपस्थित जनों ने प्रदेश अध्यक्ष अशोक बुवानीवाला के दीर्घायु, उत्तम स्वास्थ्य की कामना की। जिलाध्यक्ष सुरेश कुमार ऐरन व प्रदेश महिला सचिव संतोष जैन ने संयुक्त रूप से कहा कि पेड़-पौधे केवल हरियाली ही नहीं, बल्कि प्राकृतिक संतुलन, शुद्ध वायु और मानव जीवन की सुरक्षा के भी आधार हैं। जन्मदिन, वर्षगांठ जैसे विशेष अवसरों को पौधरोपण जैसे सार्थक कार्यों से जोड़ा जाए, जिससे समाज और पर्यावरण दोनों को लाभ हो। इस मौके पर बलराम गुप्ता ने कहा कि पौधा रोपण केवल एक पर्यावरणीय कार्य नहीं, बल्कि भविष्य के प्रति हमारी जिम्मेदारी हैं।



चरखी दादरी। पौधरोपण करते वैश्य समाज के नागरिक। फोटो: हरिभूमि

## विधायक ने रक्षामंत्री को सौंपा मांगपत्र

- भूतपूर्व सैनिकों के लिए अस्पताल खोलने, बाढड़ा उपमंडल क्षेत्र में विशेष भर्ती आयोजित करने की मांग उठाई

हरिभूमि न्यूज ⏭बाढड़ा

विधायक उमेद पातुवास ने नई दिल्ली में रक्षा मंत्रालय में देश के रक्षा मंत्री से मुलाकात कर सैनिक बाहुल्य बाढड़ा उपमंडल क्षेत्र में सैनिक विश्रामगृह, भूतपूर्व सैनिकों व उनके आश्रितों के लिए अत्याधुनिक सुविधायुक्त अस्पताल संचालित करने व क्षेत्र में एक विशेष भर्ती आयोजित करने को लेकर भी ज्ञापन दिया। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह से मुलाकात करते हुए विधायक उमेद पातुवास ने बताया कि बाढड़ा विस में सबसे अधिक युवा सेना व अर्धसैनिक बलों में भर्ती होकर राष्ट्रसेवा में जुटे हैं। इस क्षेत्र की मिट्टी में जनम लेने वाले युवाओं में आजादी के संघर्ष से लेकर जब जब विदेशी दुश्मन ने देश की तरफ ओच्छा प्रयास प्रयास किया तो यहां के युवाओं ने न केवल उनको नेस्तनाबूद कर दिया। भारत सरकार ने सैनिकों का स मान बढाने या उनकी सेवानिवृति के बावजूद उनको अत्याधुनिक चिकित्सा सुविधा करवाएगी।



बाढड़ा। नई दिल्ली रक्षा मंत्रालय में देश के रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह से मुलाकात करते विधायक उमेद पातुवास। फोटो: हरिभूमि

#### विशेष भर्ती की मांग

इस क्षेत्र के सैनिकों, भूतपूर्व सैनिकों की बड़ी सं2या को देखते हुए यहां पर सैनिक विश्रामगृह का निर्माण करवाना चाहिए जिसके लिए राज्य सरकार से संबधित डिमांड भी भिजवाई गई है। उन्होंने कहा कि वैसे तो चरखी दादरी जिला मुख्यालय पर भर्ती शाखा कार्यालय संचालित हैं जिसमें लगभग हर तिमाही अलग अलग क्षेत्र की भर्ती चलती रहती है लेकिन उनकी क्षेत्र की जनता की मांग है कि इस क्षेत्र में एक विशेष भर्ती आयोजित की जाए ताकि ज्यादा से ज्यादा युवा सेना में भर्ती हो सकें। भाजपा जिलाध्यक्ष इंजीनियर सुनील हड़ौदी ने दावा किया कि इस बैठक में दादरी के विधायक सुनील सतपाल सांगवान ने भी रक्षा मंत्री के समक्ष अनेक महत्वपूर्ण मांगे उठाई हैं जिनसे आने वाले समय जिले के सैनिक, भूतपूर्व सैनिक व युवा लाभावित होंगे।

---

## 350 करोड़ का घोटाला, विरोध में होगा आंदोलन

- किसान सभा प्रदेश कार्यकारिणी की बैठक में लिया गया निर्णय।

हरिभूमि न्यूज ⏭भिवानी

अखिल भारतीय किसान सभा की राज्य कार्यकारिणी सदस्य व संयुक्त किसान मोर्चा सदस्य एडवोकेट कविता आर्य पातवान ने कहा कि 350 करोड़ रुपए के बीमा क्लेम घोटाला के विरुद्ध 23 जून 2025 को लोहारू अनाज मंडी में किसान महापंचायत का आयोजन किया जा रहा है।

पूर्व विधायक कामरेड बलवान पूनियां क्षेत्र के किसानों को सम्बोधित करेंगे। जिसके बाद यह आंदोलन तीव्र गति से आगे बढ़ेगा व किसानों का बीमा क्लेम बीमा कम्पनी को देना पड़ेगा। इतना बड़ा घोटाला अकेले नही किया इसमें सरकार के नुमाइंदों का हाथ जरूर मिलेगा। महापंचायत में बड़ी संख्या में महिला किसान भी शामिल होकर विरोध प्रदर्शन करेंगी।

किसान नेता अशोक आर्य एडवोकेट ने बताया कि खरीफ फसल 2023 का लोहारू हलका के किसानों को 190 करोड़ रुपए की बीमा क्लेम राशि बीमा कंपनी में बकाया है जो कि हलका स्तर पर हरियाणा में सबसे ज्यादा है इस घोटाला के विरुद्ध जारी आंदोलन के दौरान 23 जून को लोहारू अनाज मंडी में आयोजित होने वाली किसान महापंचायत में हजारों किसान पहुंचकर आंदोलन को मजबूत करेंगे।



भिवानी। महापंचायत का निमंत्रण देते हुए। फोटो: हरिभूमि

#### ये रहे मौजूद

उन्होंने बताया कि अखिल भारतीय किसान सभा की टीम ने आज अनेक गांवों का दौरा कर महापंचायत में शामिल होने का न्यौता दिया। लोहारू उपमंडल व सिवानी उपण्डल के सभी गांवों में किसान सभी की टीम ने किसानों को महापंचायत में पहुंचने का निमंत्रण दिया है। आज के जनसंपर्क अभियान में मुख्य रूप अखिल भारतीय किसान सभा की राज्य नेता कविता आर्य पातवान एडवोकेट, कानूनी सलाहकार अशोक आर्य एडवोकेट, कामरेड विनोद जांगड़ा, जोगेंद्र सिंह दलवीर चैहड़ कलां, मंजीत श्योराण गिगनाऊ, जयसिंह कस्वां आदि शामिल रहे।

## हिमांशु भारद्वाज को किया सम्मानित



बाढड़ा। नीट में बेहतरीन रैंक हासिल करने वाले हिमांशु को सम्मानित करते हुए।

हरिभूमि न्यूज ⏭बाढड़ा

गांव पिचोंपा कलां के हिमांशु भारद्वाज पुत्र रमेश भारद्वाज के नीट की परीक्षा पास करने पर गांव पिचोंपा कलां में सम्मान किया गया। भाजपा जिला अध्यक्ष इंजीनियर सुनील हड़ोदी मंडल अध्यक्ष मास्टर हरीश शर्मा बिजना व हिमांशु के ताऊ भाजपा वरिष्ठ नेता और झोझू मंडल प्रतिनिधि रामनिवास शर्मा पिचोंपा ने पूरे परिवार और गांव को बधाई दी। हिमांशु ने भारत में ११ हजार रैंक हासिल कर पूरे क्षेत्र का नाम रोशन किया है इस मौके पर विकाश नंबरदार,भागीरथ शर्मा, डॉ रमेश भारद्वाज, बजरंग शर्मा,अशोक शर्मा , रामजीदास शर्मा,झोझू मंडल सचिव राजबाला देवी,सरपंच प्रतिनिधि अशोक कुमार , रामपाल शर्मा, लखमीचंद शर्मा नरेश शर्मा, सुमेर शर्मा,रामोतार शर्मा प्रदीप यादव मुनेश खान राजपाल शर्मा, प्रदीप बादल, मास्टर उदयभान बादल,बिजेंद्र जांगड़ा, अर्जन शर्मा, वेदप्रकाश शर्मा मौजूद रहे।

---

### आबादी से बाहर शराब का ठेका खोलने पर बनी सहमति

# सहमति के दो दिन से सुलग रहे विवाद का पटाक्षेप

हरिभूमि न्यूज ⏭बवानीखेड़ा

गांव रतेरा में जबरन शराब ठेका खोलने के प्रयास के खिलाफ ग्रामीणों का गुस्सा शनिवार दोपहर बाद शांत हो गया। शराब ठेकेदार शराब का ठेका गांव के बाहर खोलने पर सहमत हो गए। उसके बाद ही गांव में बना तनाव खतम हुआ। हालांकि एक्साइज इंसपेक्टर के खिलाफ ग्रामीणों में गुस्सा है। एक्साइज इंस्पेक्टर के इशारे पर ही आबादी के बीच शराब का ठेका खोला जा रहा था। इसी बात को लेकर अधिकारी व पंचायत के बीच खूब तनातनी हुई। ग्रामीण उक्त अधिकारी के खिलाफ सोमवार को उपायुक्त व सीएम नायाब सैनी को शिकायत करेंगे। गांव रतेरा में आबादी के बीच शराब का ठेका खोले जाने का प्रयास किया जा रहा था। यहां तक कि आबादी के बीच में ठेकेदारों ने अपनी दुकानें भी तैयार करवा ली थी, ग्रामीणों ने इसका विरोध किया। एक्साइज इंस्पेटर ने भी कहा कि आबादी के बीच ही शराब का ठेका खुलेगा। ग्रामीणो ने इसका विरोध किया तो अधिकारी ग्रामीणों को धमकाने लगा। इसी मामले को लेकर शनिवार शाम के वक्त गांव रतेरा में महापंचायत हुई ओर सभी मिलकर गांव की आबादी के बीच में शराब का ठेका न खुलने देने की बात पर अड़ गए।



बवानीखेड़ा। आबादी से बाहर शराब का ठेका खुलवाने को लेकर आयोजित पंचायत में अपना पक्ष रखता एक वक्ता। फोटो: हरिभूमि

#### अधिकारी की करेंगे शिकायत

ग्रामीणों सोमवार को डीसी से मिलकर एक्साइज अधिकारी की शिकायत करेंगे। ठेकेदार को आबादी से बाहर शराब का ठेका खोलने पर कोई आपति नहीं थी, लेकिन एक्साइज अधिकारी आबादी के बीच शराब का ठेका खुलवाना चाहते है। डीसी के बाद सीएम नायाब सिंह सैनी से भी मिलकर मामले से अवगत करवाएंगे।

#### अधिकारी के इशारे पर आबादी में खुला

एक्साइज इंस्पेक्टर अमरजीत के इशारे पर ठेका आबादी के बीच में खुला। ग्रामीणों ने अमरजीत पर सख्त कार्रवाई की मांग की। बैठक में सरपंच प्रतिनिधि राजेश रतेरा, राजकुमार धानिया, पूर्व सरपंच चेतन प्रकाश धमीजा, जसवीर पंच, असीम शर्मा, संदीप कुमार, डॉ. सुभाष, प्रकाश रोहिला, प्रवीन तंवर, राम अवतार तंवर, कंवर सिंह तंवर, सुधीर खटक, विनय चौहान, बलराज वाल्मीकि इत्यादि मौजूद रहे।

डॉ. आर. पी. शर्मा अस्पताल
सिविल अस्पताल से रिटायर्ड सीनियर सर्जन
सभी आप्रेशन एवं नार्मल डिलीवरी सबसे सस्ते रेट में किए जाते हैं।
सभी आप्रेशन बिना टाँके के भी किए जाते हैं।
कॉपर-टी की सुविधा उपलब्ध है।
गर्भवती महिलाओं के लिए OPD फीस फ्री
पता : मिनी बाईपास रोड़, CR Resort के सामने, भिवानी
सम्पर्क सूत्र : 9416296903, 8168362612